# स्वच्छता और सौंदर्यता का रखें ध्यान

## जहाज़ महल हेरिटेज स्ट्रीट पर देखी व्यवस्था, एक रूपता में दुकान दिखे ऐसा हो प्रयास

**रात्रि में हो सांस्कृतिक आयोजन**
**एसडीएम राहुल गुप्ता पहुंचे मांडू**

**मांडू** । गुरुवार को पीथमपुर एसडीएम राहुल गुप्ता मांडू पहुंचे। एसडीएम ने जहाज महल हेरीटेज स्ट्रीट क्षेत्र में दुकान लगाने वाले व्यवसाईयों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हेरिटेज स्ट्रीट मांडू के पर्यटन को बड़ी सौगात है। इसकी सुंदरता बनी रहे और रखरखाव अच्छे से हो यह हम सबकी जवाबदारी है। इसके लिए हम यह प्रयास करें कि साफ स्वच्छता बनी रहे। यहां आने वाले पर्यटकों से सभी मर्यादित व्यवहार करें। दुकानदारों को अपनी दुकान कोअच्छे से सजाने और फुटपाथ से दूरी पर दुकान लगाने केनिर्देश दिए। इस दौरान कुछ दुकानदार जो फुटपाथ के बाहर तक आ गए थे उन्हें हटाया गया। कुछ बैनर पोस्टर और होर्डिंग जो हेरिटेजस्ट्रीट के बीच खाबो पर लगे थे वह उन्हें भी हटाया



गया।

इस दौरान नालछा तहसीलदार राहुल गायकवाड, सीएमओ मांडू सुशील सिंह ठाकुर नगर परिषद सादिक खान उपस्थित । मांडू मुख्य अधिकारी नगर परिषद सुशील ठाकुरने भी सभी दुकानदारों को कहां की नगर परिषद और प्रशासन उनकेसाथ है नियमानुसार अपना व्यवसाय करें। एसडीएम गुप्ता ने कहा कि मांडू देशका प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैयहां देश और विदेशसे पर्यटक आते हैं। हम सभी है प्रयास करें कि हम ऐतिहासिक स्वरूप के मुताबिक सभी मकानों और दुकानों को एकरूपता में करें। इसके लिए हम सब मिलकर प्रयास करें। जिससे इस क्षेत्र का आकर्षण और भी बढ़ जाए। उन्होंने कहा मांडूमें रात्रि मैं पर्यटक यहां स्टेकरें इसके लिए रात्रि कालीन पर्यटन स्थलों को विकसित करना होगा। साथ ही सांस्कृतिक आयोजन भी होना चाहिए।

### एक नजर में
## चोटिया बालोद में पंच दिवसीय यज्ञ, शिव प्राणप्रतिष्ठा विधिविधान से जारी



**सरदारपुर** । जिसमें में प्रथम दिवस कलश यात्रा के साथ शुरुआत की गई। उसके बाद यज्ञ शाला प्रवेश भगवान का हवन पूजन के जिसमें दिन भर भगवान शिव का अभिषेक हुआ। प्रधान कुंड के यजमान दिलीप पाटीदार रहे।अन्य चार कुंड पर 8 जोड़े ने आहुति दी। जिसमें यजमान अनिल पाटीदार ,महेश पाटीदार,प्रदीप पाटीदार,संजय पाटीदार,अशोक जाट,मूलचंद पाटीदार,गणेश पाटीदार द्वारा आहुति दी गई।प्रथम दिवस में भगवान का अभिषेक के साथ संध्या बेला पर जलाधिवास किया गया । यज्ञाचार्य गजेन्द्र जी शर्मा के सान्निध्य में संपन्न हो रहा है। रात में भजन मण्डली द्वार रात जागरण की जा रही, सावन मास में शिव प्राण प्रतिष्ठा मैं भक्त और भगवान का अनोखा मिलन हो रहा है भगवान शिव के जयकारों से गूंज रहा है सारा नगर बड़े बुजुर्ग बच्चे माताए भक्ति में हो गए हैं , लीन जो की देखने लायक है सावन मास में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा होना सारे नगर के लिए अमृत के समान है सारे नगर की जनता ग्रामीण किसानों के लिए आने वाले समय में इसका लाभ जरूर मिलेगा

## राज्यस्तरीय आकार फिल्मोत्सव की तिथियाँ घोषित

इंदौर .प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मध्यप्रदेश के फिल्मकारों की फिल्मों पर एकाग्र आकार फिल्मोत्सव की तिथियों एवं फिल्म भेजने की अंतिम तिथियों की घोषणा हो गई है. यह फिल्मोत्सव 2009 से निरंतर किया जा रहा है. आयोजक, निर्माता-निर्देशक शशिकांत ने जानकारी दी कि यह फिल्मोत्सव 23-24 अगस्त को भोपाल के एन.आई.टी.टी.टी.आर. समागृह में आयोजित किया जाएगा फिल्मोत्सव में फिल्म भेजने की अंतिम तिथि 9 अगस्त 2025 निश्चित की गई है. मध्यप्रदेश के फिल्मकारो की फिल्मों पर एकाग्र इस फिल्मोत्सव में किसी भी विषय पर निर्मित फिल्में भेजी जा सकती है. शार्ट फिल्म 5 से 15 मिनट डाक्यूमेंट्री फिल्म 10 से 20 मिनट एवं फिक्शन फिल्म 20 से 120 मिनट तक किसी भी अवधि की मान्य होगी. अन्य जानकारी के लिए 7415508223 पर संपर्क किया जा सकता है. इस फिल्मोत्सव में फिल्म भेजने के लिए किसी तरह की कोई एंट्री फीस या अन्य शुल्क नहीं है.

## मालवा मिल में झांकी निर्माण कार्य का शुभारंभ

इंदौर. मालवा मिल गणेशोत्सव समिति के तत्वावधान में अनन्त चतुर्दशी के पावन पर्व पर झांकी विसर्जन चल समारोह हेतु मालवा मिल में गणेश भगवान एवं माता गौरी का पूजन करके झांकी निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया. इस अवसर पर महापौर परिषद सदस्य पार्षद नन्दकिशोर पहाड़िया, विश्व ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष पं. योगेन्द्र महन्त, इंटक के पूर्व अध्यक्ष पं. गोपाल शर्मा, मालवा मिल प्रबंधक सुमितसिंह, सुरक्षा अधिकारी जे.एस. सिकरवार एवं रमेश उस्ताद के विशेष अतिथ्य में पूजन सम्पन्न हुआ. वंही मालवा मिल गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष कैलाश कुशवाह, प्रधानमंत्री राजेन्द्र मरमट, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, नेताजी सुभाषचंद बोस मंच के अध्यक्ष मदन परमालिया, युवा नेता राहुल निहोरे, संजयसिंह भदौरिया, किशनलाल कुशवाह, कन्हैयालाल मरमट, मुकेश कुमार वर्मा, संतोष यादव, बसंत तम्बोलिया, राजेश गुर्जर, बंटी जाधव, सुधीर वर्मा प्रेस फोटोग्राफर, श्याम डेकोरेटर्स के समक्ष कार्यक्रम को विधि पूर्वक पं. राजेन्द्र शर्मा ने सम्पन्न करवाई. इसी मौके पर झांकी कलाकार जितेन्द्र कुशवाह एवं मनोज कुशवाह का स्वागत कर बयाना 11,000 रूपये भेंट किये. संचालन गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष कैलाश कुशवाह ने किया. आभार कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा में माना.

## जिनवाणी को सुनना, ग्रहण करना परमानंद : श्रुतमुनि

इंदौर. सजग, जागरूक, एकाग्र व्यक्ति ही परमात्मा की वाणी श्रवण कर सकता है. व्यक्ति को 9 तत्व को जानना, और ढाणांनाग सूत्र की 9 बातों को जीवन में उतारना, सन्तों का समागम, जिनवाणी को सुनना और ग्रहण करना यही जीवन का परमानन्द है. यह विचार महावीर भवन इमली बाजार कि धर्मसभा में उपप्रवर्तक श्रृतमुनि महाराज ने व्यक्त किये. आपने कहा कि 12 व्रतो का पालन करना व्यक्ति का परम कर्तव्य है. धर्म प्रभावना कि दलाली करो आपके सहयोग से कोई व्यक्ति धर्म से जुड़ता है, जप, तप त्याग तपस्या में लीन हो जाता है तो उसके साथ आपका भी भव सुधरेगा. यह जीवन मिला है. सभी में और मेरे लिये ही करते हैं परन्तु जो व्यक्ति दूसरों के लिये करता है दूसरों के दुख :, दर्द में सहभागी बनता है उसी का जीवन सफल है. धर्म सभा संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया. धर्म सभा में अचल चैधरी, रमेश भंडारी, रखबचंद कोटावाले, विमल तांतेड़, जिनेश्वर जैन, राजकुमार पंजाबी, प्रकाश कोठारी, गजेद्र बोड़ाना, गजेन्द्र तांतेड़, सुनिता छजलाणी, पुष्पा डागरिया, आजाद नरेलिया, शशि बोथरा, अशोक मंडलिक, पदम तांतेड़, आदि बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकायें उपस्थित थे.

## शिव महापुराण कथा के पूर्व निकली कलश यात्रा

इंदौर. नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है. प्रवीण जोशी ने बताया कि कथा की शुरुआत भव्य अन्नपूर्णा कलश यात्रा से हुइ.। कलश यात्रा गीता भवन से शुरू होकर मनोरमागंज, कैलाश पार्क, सेवा सरदार नगर होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुची .बग्गी में महामंडलेश्वर योगेश्वरनाथ महाराज, महंत मंगलदास महाराज खाकी सवार थे. माँ वैष्णवी ग्रुप महिला मंडल की प्रमुख श्रीमती भावना विजयवर्गीय ने बताया कि गुरुवार से कथा शुरू हो गई. व्यास पीठ का पूजन मीना राणा शाह ने किया. विशेष अतिथि विधायक महेंद्र हार्डिया थे. योगेश्वरनाथ महाराज आगामी 23 जुलाई तक रोजाना दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक शिव महा पुराण की कथा करेगे.

## गुरतेज सिंह माथारू को ब्रांड बिल्डर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

इंदौर. जूपर होटल्स एंड रिसॉर्ट्स को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि कंपनी के सेंट्रल इंडिया ऑपरेशंस हेड गुरतेज सिंह माथारू को प्रतिष्ठित ब्रांड बिल्डर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. यह सम्मान वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस द्वारा आयोजित मध्य प्रदेश लीडरशिप अवॉर्ड्स के दौरान मेरियट होटल, इंदौर में प्रदान किया गया. यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने अपने क्षेत्र में ब्रांड वैल्यू बढ़ाने, ऑपरेशनल उत्कृष्टता स्थापित करने और उद्योग में नए मानक तय करने में उल्लेखनीय योगदान दिया हो. जूपर होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के डायरेक्टर अकाल मंचंदा ने कहा, यह सम्मान न केवल गुरतेज सिंह माथारू की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे जूपर परिवार के लिए गर्व का क्षण है. यह हमारे ब्रांड निर्माण के सतत प्रयासों और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में विश्वास और गुणवत्ता का प्रतीक है.

## मृणाल ठाकुर के क्रश, रवि किशन की भावुक बातें

इंदौर. इस शनिवार, 19 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर देखिएद ग्रेट इंडियन कपिल शोमें जबरदस्त फिल्मी धमाका, जबसोन ऑफ सरदार 2की पूरी टीम शो पर हाजिर होगी. अजय देवगन, मृणाल ठाकुर, रवि किशन, दीपक डोबरियाल, कुब्रा सैत, संजय मिश्रा और विंदू दारा सिंहद सभी मिलेंगे कपिल और उनकी टीम से, लेकर आएंगे मस्ती, मसाला और ढेर सारे सरप्राइज़. एक मजेदार पल में, कपिल ने अजय देवगन की हर प्रकार की शैलीकी तारीफ की एक्शन से लेकर कॉमेडी और थ्रिलर तक ङ्क जिस पर अजय देवगन ने अपने खास अंदाज़ में जवाब दिया, मैं असल में सिद्धू पाजी से सीखा हूं. उन्होंने एक रुमाल क्रिकेट में डाला है, एक पॉलिटिक्स मेंज और यहां तो पूरी चादर है. लेकिन एपिसोड में केवल हंसी नहीं, दिल छू जाने वाले पल भी हैं. रवि किशन ने अपनी पत्नी के बारे में एक भावुक किस्सा साझा किया, मैं रोज रात को उसके पैर छूता हूं. मुझे अच्छा लगता है, पर वो पैरछूने नहीं देती, लेकिन जब वो सो जाती है, तब मैं कोशिश करता हूं. जब कपिल ने इसका कारण पूछा, तो रवि किशन बोले वो मेरी दुख की साथी है. जब मेरे पास कुछ नहीं था, उसने मेरा साथ नहीं छोड़ा. मेरा बेटा भी सामने बैठा है, उसे पता है उसने मुझे कैसे संभाला- वो पैर छूने लायक है.





## नशा विनाश का कारण है इससे दूर रहें : एसडीओपी अनु बेनीवाल

**बाकानेर** । 16 जुलाई को मनावर पुलिस द्वारा ''नशा से दूरी है जरूरी'' अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न शैक्षणिक सामाजिक संस्थानों में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना एवं उन्हें इससे दूर रहने हेतु प्रेरित करना । इसी कड़ी में आज मनावर एस डी ओ पी( आइ पी एस ) अनु बेनीवाल ने सिकलीगर सिख समाज के समाज जनों के साथ बैठक कर नशा मुक्ति एवं अवैध धंधो से दूर रहने की बात कही एसडीओपी बेनीवाल ने नशे के प्रकार, उसके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित सभी समाजजनों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर एसडीओपी मनावर अनु बेनीवाल चौकी प्रभारी अश्विन चौहान प्रधान आरक्षक महेश जाट, एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत मनावर अनुभाग में लगातार ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में जाने से रोका जा सके और उन्हें एक स्वस्थ, सुरक्षित व सकारात्मक जीवन जीने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। एस डी ओ पी अनु बेनीवाल ने सिकलीगर सिख समाज के उपस्थिति समाज जनों से कहा कि आप लोग अवैध और गैर कानूनी धंधों से दूर होकर समाज की मुख्य धारा में जुड़े । अपने गुरु के बताए हुए मार्ग पर चलकर एक अच्छे एवं स्वच्छ समाज का निर्माण करें ।युवा वर्गआईटीआई कर रोजगार से जुड़े महिलाओं को सिलाई बुनाई कढ़ाई ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिलवाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाएं बच्चों को रोजाना स्कूल भेज कर उन्हें पढ़ा लिखा कर एक अच्छा इंसान बनाएं आपके रोजगार के लिए प्रशासन की ओर से पूरी मदद की जाएगी। एस डी ओ पी बेनीवाल ने समाज जनों से उनकी समस्याएं जानकर समस्या हल करने का आश्वासन दिया। एसडीओपी बेनीवाल ने गुरुद्वारा में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समाज की महिलाओं ने पुष्पमाला से स्वागत किया समाज के वरिष्ठ जर्मन सिंह पंजाबी ने आभार प्रकट किया

## आंगनवाड़ी संघ ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**धार** - मध्य प्रदेश आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ ( संबद्ध भारतीय मजदूर संघ ) जिला इकाई धार जिले की सैकड़ों आगनवाड़ी बहनों कलेक्टर परिषद में एकत्रित हुई । सभा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका संघ के प्रदेश महामंत्री श्रीमती संगीता श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को अपनी वाजिब मांगों को लेकर संबोधित किया। बाद में रैली के रूप में कलेक्टर महोदय धार को अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में बताया गया कि मांगे नियमित किया जाए, न्यूनतम पेंशन राशि नियमित की जाए, सिर्फ विभाग के कार्य कराए जाएं, टी एच आर बदला जाए, पोषण ट्रैकर ऐप फेस कैप्चर बंद किया जाए, मोबाइल खराब हो गए हैं, नए मोबाइल दिलाए जाएं, यह मांगों को लेकर ज्ञापन कलेक्टर कार्यालय दिया गया। जिसमें विशेष रूप से प्रदेश महामंत्री संगीता श्रीवास्तव, गंगा गोयल जिला मंत्री, लोकेश सोलंकी भारतीय मजदूर संघ उपस्थित थे

इस अवसर पर श्रीमती संगीता श्रीवास्तव मध्य प्रदेश आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ प्रदेश महामंत्री, श्रीमती गंगा गोयल मध्य प्रदेश उपाध्यक्ष, श्रीमती रंजनी गहलोत जिला अध्यक्ष, राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल जी जोशी, श्री सचिन जी त्रिवेदी, श्री लोकेश जी सोलंकी जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ, श्रीमती आशा वाजपेय सदस्य, श्रीमती हेमलता मारू, श्रीमती रेखा मारू, श्रीमती ममता शिवम उपाध्यक्ष, श्रीमती राधा डावर सह मंत्री सहित सैकड़ों आगनवाड़ी बहनें उपस्थिति थी।






## वृक्षारोपण एवं विधिक साक्षरता शिविर सरदारपुर में संपन्न

**सरदारपुर । शासकीय संदीपनी विद्यालय सरदारपुर में वृक्षारोपण एवं विधिक साक्षरता शिविर संपन्न हुआ। शिविर में जिला जज हेमंत यादव साहब जिला जज अब्दुल्ला अहमद खान साहब अभिभाषक संघ अध्यक्ष श्री कमल किशोर वैष्णव अभिभाषक संघ सचिव श्री दिलीप सिंह भदोरिया ने भाग लिया । वृक्षारोपण में विद्यालय परिवार से शिरीन कुरैशी शांतिलाल वसुनिया मोनू शिवहरे रजनी मालवीय, जी, कुरैशी गजेन्द्र धाकड़ बृजेश चौरसिया तथा विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया ।**

वृक्षारोपण पश्चात विधिक साक्षरता शिविर संपन्न हुआ। शिविर को श्री हेमंत यादव ने संबोधित किया। श्री यादव ने संबोधित करते हुए विधि के बारे में जानकारी दी एवं विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर पढ़ाई लिखाई करने का आवाहन किया ।उन्होंने बताया कि आज के युग में भले ही मोबाइल पढ़ाई लिखाई में भी आवश्यक अंग हो गया है किंतु मोबाइल को सिर्फ पढ़ाई लिखाई और ज्ञानार्जन तक ही सीमित रखना चाहिए अनावश्यक मोबाइल पर व्यस्त रहने से विद्यार्थियों का कीमती समय बर्बाद हो जाता है वह अपने लक्ष्य से भटक जाता है एवं अनावश्यक कार्यों की और चला जाता है ।इसलिए विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर अपनी पढ़ाई लिखाई करना चाहिए विद्यार्थियों के लिए अनुशासन एक अहम विषय है अनुशासित रूप से पढ़ाई लिखाई कर ही विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है । शिविर का संचालन शिरीन कुरैशी ने किया व आभार शांतिलाल वसुनिया माना।

## अमझेरा पुलिस ने 24 घंटे मे चोरी का किया पर्दाफाश

***बाल अपचारी सहित एक आरोपी को पकड़ा चोरी किया सामान भी किया जब्त***

**सरदारपुर।** अमझेरा पुलिस ने चोरी के एक मामले मे 24 घंटे के भीतर आरोपियों को पकड कर चोरी गये माल को जप्त करने मे बडी सफलता प्राप्त की है। 17 जुलाई को गांव के योगेश पिता स्व. श्री मधुकर देशपांडे के घर के अन्दर अलमारी में रखे जेवरातो पर चोरो ने हाथ साफ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरो ने घर के पीछे के कमरे के बाथरुम की खिड़की तोडकर उक्त सामान चुराकर एक सोने का मंगलसूत्र पुराना, एक जोड सोने की बाली पुरानी, एक सोने का लॉकेट, एक जोड चांदी के पायजेब पुरानी इस्तेमाली, दो जोड चांदी के बच्चे के कडे तथा एक कीपेड मोबाईल दीपावली में पुजने के चांदी के दो सिक्के तथा आर्टिफिसियल ज्वेलरी जिसमें हार आदि को चुरा लिया।

अमझेरा पुलिस ने प्रकरण कि गंभीरता को देखते हुवे पुलिस अधीक्षक के आदेश से एक टीम गठित कि गई जिसने लगन व मेहनत से गोपनीय सूचना तंत्र सक्रिय करते हुवे चोरी कि घटना करने वाले दो आरोपी सागर पिता श्याम केवट निवासी अमझेरा एवं एक बालअपचारी लडका को थाना लाकर सख्ती से पुछताछ करने पर जिन्होने जुर्म करना स्वीकार किया बाद उकत दोनो आरोपीगणो को गिरफ्तार किया जाकर उक्त दोनो आरोपीयो से पृथक-पृथक जप्ती पत्रक के दो जो? सोने कडे, एक जोड सोने की कान की बाली, एक सोने का लाकेट, एक सोने के मंगलसुत्र व पेंडल जिसमे पांच नग सोने के मोती तथा एक जोड चांदी की पायजेब, तीन चांदी के सिक्के, एक सैमसंग कंपनी का किपैड मोबाईल फोन इनके घर से जप्त किये गये है ।



**एक नजर** मांडू पहुंचकर नेता प्रतिपक्ष ने देखी नव संकल्प शिविर की तैयारी, 20 जुलाई से विधायकों को मांडू पहुंचना होगा शुरू

## मिशन 2028 के लिए नई ऊर्जा प्रदान करेगा यह नव संकल्प शिविर : उमंग सिंघार

**मांडू. ।यह नव संकल्प शिविर 2028 में होने वाले विधानसभा चुनाव कांग्रेस की सरकार बनाने में मिल का पत्थर साबित होगा। यह सिर्फ विधायकों का प्रशिक्षण ही नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए सामूहिक चर्चा का एक बड़ा प्रयास है। मोहन यादव की सरकार ने प्रदेश की जनता के साथ वादा खिलाफी की है। कांग्रेस कमर कस के मैदान में है।**

यह बात मांडू में 20 जुलाई से शुरू होने वाले नव संकल्प शिविर की तैयारी देखने यहां पहुंचे मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मीडिया से चर्चा में कहीं। उन्होंने आगे कहा कि इस नव संकल्प शिविर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, अजय माकन, सुप्रिया श्रीनेत जैसे राष्ट्रीय स्तर के



नेता शामिल होंगे। सिंगार ने कहां की आज हर वर्ग परेशान है। गरीब, दलित ,आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, महिला, युवा सभी परेशान है। सरकार सिर्फ झूठ दावे कर रही है जमीन हकीकत कुछ और ही है।

शिविर मैं वर्चुअली जुड़ेंगे राहुल गांधी- नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विधायकों के इस प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस से राष्टीय वर्चुअली जुड़ेंगे। इस माध्यम से वह विधायकों को पार्टी की रीति नीति और आगामी रणनीति से अवगत करवा कर उपस्थित विधायकों को मार्गदर्शन देंगे।नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि आज मध्य प्रदेश की सरकार बड़े-बड़े दावे करती है पर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के हालात क्या है यह हम सब जानते हैं। इन सब मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति बनेगी।

इधर। इस मौके पर पूर्व विधायक पंचीलाल मेडा, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष स्वतंत्र जोशी सुभम अजमेरा ,मनोज ग्वाल, विनोद इंदुरकर ,पियूष ग्वाल, रईस पटेल , पूर्व विधायक प्रतिनिधि राहुल यादव पार्षद पप्पू भाभर पार्षद हरे सिंह सुखराम मकवाना युवा नेता भोला पाल, मुकेश भाभरआदि कार्यकर्ता मौजूद थे।